हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
10 मई 2024, समय 1810

- अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम आज अधिसूचित कर दिया गया है।
- भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान हिदायतों के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
- अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज पंचकूला में रोड शो किया और आज शाम चंडीगढ़ में विजय संकल्प रैली में लेंगे भाग।
- चंडीगढ़ से भाजपा के प्रत्याशी संजय टंडन ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

..................................................................................

अंतर-सेवा संगठन (कमान, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम आज अधिसूचित कर दिया गया है। अंतर-सेवा संगठनों की प्रभावी कमान, नियंत्रण और कुशल कामकाज को प्रोत्साहन देने के लिए पिछले वर्ष मानसून सत्र में संसद ने विधेयक पारित किया था। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अधिनियम अंतर-सेवा संगठनों के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को अनुशासन और प्रशासन के प्रभावी रखरखाव के लिए सेवा कर्मियों पर नियंत्रण का अधिकार देता है। यह अधिनियम अंतर-सेवा संगठनों के प्रमुखों को सशक्त बनाएगा। इससे मामलों का शीघ्र निपटान  होगा और कई कार्यवाहियां कम होगी। मंत्रालय ने कहा कि इससे सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अधिक एकीकरण और एकजुटता बढेगी।

..................................................................................

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 लड़ने वाले उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के लिए चुनाव के दौरान हिदायतों के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों का चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को अनुपालना करनी अनिवार्य है। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को सार्वजनिक स्थानों जैसे कि मैदान और हेलीपैड निष्पक्ष रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव के दौरान अन्य राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की आलोचना केवल उनकी नीतियों, कार्यक्रमों, पिछले रिकॉर्ड और कार्यों तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसके अलावा, शांतिपूर्ण और विवेकपूर्ण घरेलू जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार की पूरी तरह से रक्षा की जानी चाहिए। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह से सूचित किया जाना चाहिए और प्रस्तावित बैठक के समय व स्थान की आवश्यक अनुमति समय रहते सही तरीके से ली जानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित बैठक के स्थान पर यदि कोई प्रतिबंधात्मक या निषेधात्मक आदेश लागू हैं तो उन आदेशों का सम्मान किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, प्रस्तावित बैठकों के लिए लाउडस्पीकर या ऐसी किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए और बैठकों में गड़बड़ी या अव्यवस्था पैदा करने वाले व्यक्तियों से निपटने में पुलिस सहायता प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसी भी जुलूस को शुरू करने और समाप्त करने के समय व स्थान तथा मार्ग को अग्रिम रूप से पक्का किया जाना चाहिए और पुलिस अधिकारियों से पूर्व अनुमति प्राप्त करनी चाहिए। जुलूस का मार्ग यातायात को बाधित नहीं करना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव में लगे सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को बैज या पहचान पत्र दिखाना होगा। मतदाताओं को जारी अनौपचारिक पहचान पर्ची सादे कागज पर होनी चाहिए और जिस पर पार्टी का कोई नाम और निशान या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, प्रचार अभियान की अवधि के दौरान और मतदान के दिन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध का पूरी तरह से पालन किया जाना चाहिए। चुनाव के संचालन के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट, मुख्य निर्वाचन अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया जाना चाहिए।

..........................................................................................

चंडीगढ़ से भाजपा के प्रत्याशी संजय टंडन ने आज चंडीगढ़ में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने सुबह पार्टी कार्यालय कमलम में जाकर हवन करवाया और उसके उपरांत वहां से उन्होंने एक रोड शो निकला। सेक्टर 33 से यह रोड शो शुरू होकर डीसी ऑफिस सेक्टर 17 तक पहुंचा जिसमे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी शामिल रहे। उनके नामांकन प्रक्रिया के दौरान चंडीगढ़ की सांसद किरण खेर और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंदर मल्होत्रा  भी मौजूद रहे । आज शाम को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सेक्टर 27 में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

..........................................................................................

अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज पंचकूला में रोड शो किया।

नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से जनता को बताते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

इसके साथ ही जेपी नड्डा ने कहा कि यह चुनाव केवल बंतो कटारिया का नहीं है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने का चुनाव है।

उन्होंने कहा की सभी 70 साल से ज्यादा के वियक्तिओं को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये का लाभ हर साल मिलेगा ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली पार्टी बताया।जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी आज बेल पर हैं। कांग्रेस के लोग घमंडियां गठबंधन चला रहे हैं ,जो देश में परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है।

इस मौके पर अंबाला प्रत्याशी बंतो कटारिया ने  कहा कि अंबाला और पंचकूला ही नहीं पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। इस अवसर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ,राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, कालका से पूर्व विधायिका लतिका शर्मा, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

..................................................................................

भिवानी-महेंद्रगढ़ से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के समर्थन में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में रोड शो निकाला। चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा की उनकी पार्टी ने आज से चुनावी अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि देश की मज़बूती के लिए नरेंद्र मोदी ही ऐसे नेता है, जो देश का विकास कर सकते है। वही वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक होकर सभी से वोट की अपील कर रहे है।

..................................................................................

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज रोहतक के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर सुनारिया के पीओपी ग्राउंड में आयोजित पूर्व सैनिको  के भर्ती के बुनियादी पाठ्यक्रम बैच नंबर एस-14 की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया व सलामी ली। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत परेड किसी भी पुलिस कर्मचारी के लिए एक गौरवमयी पल होता है। उन्होंने सभी जवानों को रिक्रूटमेंट बेसिक कोर्स के उपरांत बेहतरीन दीक्षांत परेड की बधाई देते हुए कहा कि इस बैच में सभी 452 सिपाही पूर्व सैनिक है। इन्होंने सेना में प्रशिक्षण प्राप्त करके देश की सेवा की है। इनका अनुभव अब प्रदेश के नागरिकों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के हर कर्मचारी का कर्तव्य नागरिक के जान-माल की सुरक्षा के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाये रखना है। इस मौके पर डीजीपी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सिपाहियों को पुरस्कार दिए। दीक्षांत परेड समारोह में एक्स सर्विसमैन काडर के 452 सिपाहियों की 8 टुकड़ी ने मार्च पास्ट किया।

..................................................................................

अंबाला शहर के बलदेव नगर में भी आज भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, जिसमें हरियाणा सरकार के परिवहन मंत्री असीम गोयल भी शामिल हुए । बलदेव नगर में भगवान श्री परशुराम भवन में ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में आए लोगों को मंत्री असीम गोयल ने भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया के पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

..................................................................................